दिनांकः 20.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति

सीएसजेएम विश्वविद्यालय के विधि पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग की रिक्त सीटों पर प्रवेश का अंतिम अवसर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा संचालित बी. ए. एलएल. बी. (ऑनर्स), बी. बी. ए. एलएल. बी. (ऑनर्स), एलएल. बी. (ऑनर्स), एलएल. एम. द्विवर्षीय एवं एलएल. एम. एकवर्षीय पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि उक्त पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए या तो किसी भी अभ्यर्थी ने आवेदन नहीं किया है अथवा आरक्षित सीटों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न कारणों से प्रवेश ग्रहण करने में असमर्थता व्यक्त की गई है, जिसके परिणामस्वरूप ST वर्ग की सीटें रिक्त हैं।

अतः ऐसे इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी, जो इन रिक्त ST श्रेणी की सीटों पर प्रवेश प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण (Registration) पूर्ण करने के उपरांत दो कार्य दिवसों के भीतर अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें तथा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करें।

यदि निर्धारित अवधि के भीतर ST श्रेणी की रिक्त सीटों के सापेक्ष कोई पात्र अभ्यर्थी प्रवेश हेतु उपस्थित नहीं होता है, तो विश्वविद्यालय के नियमानुसार इन रिक्त सीटों को अनारक्षित (Unreserved) श्रेणी में परिवर्तित कर मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थी को प्रवेश प्रदान किया जाएगा।